प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
19.02.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15.00 बजे

बजट सत्र तैयारियां

हिमाचल प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र 10 मार्च से शिमला में होगा। बजट सत्र को लेकर विधानसभा सचिवालय ने तैयारियां शुरू कर दी है। सत्र से पहले सुरक्षा व्यवस्था और सर्वदलीय बैठक जैसी सभी औपचारिताएं पूरी की जाएंगी। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां ने आज शिमला में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत के दौरान ये जानकारी दी। उन्होंने विधानसभा में हुई नियुक्तियों को लेकर विपक्ष द्वारा उठाए जा रहे सवालों को बेबुनियाद बताते हुए कहा कि जिन नियमों के तहत भाजपा के कार्यकाल के दौरान नियुक्तियां हुई उन्हीं नियमों के तहत अब भी नियुक्तियां हुई हैं।

............................................................

मुख्य निर्वाचन आयुक्त

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने आज नई दिल्ली में निर्वाचन आयोग कार्यालय में अपना पदभार संभाला। राजीव कुमार का मुख्य निर्वाचन आयुक्त के रूप में कार्यकाल कल समाप्त होने के बाद ज्ञानेश कुमार की नियुक्ति की गई है। वे 1988 बैच के केरल कैडर के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हैं। उन्होंने संसदीय कार्य मंत्रालय में सचिव के पद पर भी काम किया है।

............................................................

आवेदन तिथि

संघ लोक सेवा आयोग ने सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 21 फरवरी तक बढ़ा दी है। आयोग की वेबसाइट पर भी इसकी विस्तृत सूचना साझा की गई है। यू पी एस सी हर वर्ष आई ए एस, आई पी एस, आई एफ एस व अन्य केंद्रीय सेवाओं के अधिकारियों के चयन के लिए ये परीक्षा आयोजित करवाता है।

............................................................

मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज हल्के बादल छाए हुए हैं। मौसम विभाग ने प्रदेश में आज से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना जताई है जिसके चलते 21 फरवरी तक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी व अन्य भागों में वर्षा होने के आसार है। मौसम विज्ञान केंद्र

शिमला के वैज्ञानिक शोभित कटियार ने बताया कि इस विक्षोभ का असर पूरे प्रदेश में होगा। गौरतलब है कि प्रदेश में सूखे जैसी स्थिति बनी हुई है और लंबे समय से किसान व बागवान बारिश का इंतजार कर रहे हैं। वर्षा के अभाव में सेब बाहुल्य क्षेत्रों में बागवान सेब के तौलिये भी नहीं कर पाए हैं। इसके अलावा गेहूं की फसल भी बारिश न होने के कारण पीली पड़ गई है।

..............................................................

शिविर

नशा मुक्त अभियान के अंतर्गत करसोग उपमंडल के लगभग दो दर्जन स्कूलों व ग्राम पंचयातों में नशे से बचाव और इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया है। करसोग के एसडीएम गौरव महाजन ने बताया कि सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग के सौजन्य से आयोजित इन शिविरों में नशा निवारण से सम्बंधित अनेक गतिविधियां आयोजित की जा रही है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन की पहल स्वस्थ मंडी, नशा मुक्त मंडी के सपने को साकार करने के हर संभव प्रयास किए जा रहे है। उन्होंने बताया कि जागरूकता शिविरों में छात्र–छात्राओं के लिए पोस्टर मेकिंग, कविता और भाषण जैसी गतिविधियां आयोजित कर नशे से दूर रहने का संदेश दिया गया है।

..............................................................

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार 23 फरवरी को मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 119वीं कड़ी होगी। कार्यक्रम के लिए नागरिकों से सुझाव आमंत्रित किए गए हैं। श्रोता टोल फ्री नम्बर 1 8 0 0–1 1–7 8 0 0 पर कार्यक्रम के लिए अपने सुझाव भेज सकते हैं। इसके अलावा माइगॉव और नमो एप पर भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन ए.आइ.आर. मोबाइल ऐप पर किया जाएगा।

..............................................................